दिनांक 22.01.2019

स्वच्छ भारत अभियान | स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

भिलाईनगर/नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत मौसमी बीमारियों के का आयोजन किया जा रहा है। लगातार आयोजित इस शिविर में श्रमिक वर्ग से लेकर सभी वर्ग के लोग लाभ प्राप्त कर रहें है। विगत् सप्ताह 14 से 19 जनवरी वार्ड क्रमांक 38, 42, 36, 56, 32, 23 क्रमशः शहीद वीर नारायण सिंह नगर, नेवई भाठा, खुर्सीपार जोन–01 गौतम नगर, सेक्टर–06 ए मार्केट, राधाकृष्ण मंदिर न्यू खुर्सीपार, रविदास में आयोजित स्वास्थ्य शिविर में कुल 205 मरीजों का पंजीयन कर (जिसमें दस्त–06, उल्टी–04, बुखार–04, एवं अन्य 171) रोग निरोधक दवाईयां दी गई। बुखार से प्रभावित मरीजों का खून जांच हेतु रक्त पटि्टका तैयार कर लैब भेजा गया।

21 जनवरी 2019 सोमवार को वार्ड 08 रानी अवंती बाई कोहका आयोजित शिविर में 23 मरीजों का पंजीयन कर (जिसमें दस्त–02, बुखार–02, अन्य–19) तथा 22 जनवरी 2019 मंगलवार को वार्ड 41 डूण्डेरा के इन्दिरा नगर में शिविर में आये 35 मरीजों का पंजीयन कर (जिसमें दस्त–01, बुखार–03, अन्य–31) रोग निरोधक दवाईयां दी गई।

शिविर प्रभारी एवं वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक के.के. सिंह ने बताया कि मौसमी बीमारियों के बचाव हेतु निर्धारित कार्यक्रम अनुसार लगातार शिविर किया जा रहा है। इस शिविर के माध्यम से संक्रामक बीमारियों को रोकने का प्रयास जारी है। जन समुदाय में जागरुकता हेतु डेंगू एवं स्वाईन फ्लू से बचाव सुरक्षा संबंधी 411 नग पाम्पलेट का वितरण किया गया। मच्छर उन्मूलन हेतु स्प्रेयर पम्प द्वारा नालियों एवं गंदे स्थानों पर 6100 एम.एल. मैलाथियान का छिड़काव करवाया गया।

निगम आयुक्त एस0के0 सुंदरानी द्वारा निगम क्षेत्रान्तर्गत स्वाईन फ्लू के संक्रमण के रोकथाम एवं बचाव के लिए आम नागरिकों से अपील की गई है कि भीड़ वाली सार्वजनिक स्थलों पर न जायें। सर्दी खासी से प्रभावित मरीजों के निकट संपर्क से बचे। संक्रमित व्यक्ति के संपर्क में आने के पूर्व अपने मुंह व नाक पर रुमाल का प्रयोग करें। बीमार व्यक्ति के संपर्क में आने पर साबुन से हाथ अवश्य धोएं। उक्त सावधानी बरतने से स्वाईन फ्लू जैसे – संक्रामक रोग के संक्रमण से बचा जा सकता है।

जनसम्पर्क अधिकारी